डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/24-26 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-22 | अंक- 57 | ( सांध्य दैनिक ) | राजगढ़, रविवार 7 सितम्बर 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रूपया



**दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता**



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें

मो. 9977442619
9425442435



**दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता**

लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें

मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र


## देश भर में 'गणपति अपने गांव चले' की गूंज



### विदा हुए बप्पा, भाव विभोर नजर आए भक्त

- देशभर में गणेश मूर्तियों का हो गया विसर्जन
- तेलंगाना में 69 फीट ऊंची प्रतिमा विसर्जित

**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** देशभर में गणेश उत्सव का शनिवार को अंतिम दिन था। अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन सुबह से ही शुरू हो गया। मुंबई में करीब 1.80 लाख से ज्यादा मूर्तियां विसर्जित होने वाली हैं जो रविवार तक चलता रहेगा। इनमें 6,500 गणेश पंडाल और 1.75 लाख घरेलू मूर्तियां हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई में 21,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस पहली बार रूट मैनेजमेंट के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का



इस्तेमाल किया गया। इसके लिए गिरगांव चौपाटी पर एक एआई बेस्ड कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रमुख गणपति कमेटी को क्यूआर कोड जारी किए गए हैं और विसर्जन जुलूस में शामिल होने वाले वाहनों के लिए स्टिकर भी लगाए गए हैं। इससे पुलिस को वाहनों का पता लगाने, भीड़ पर नजर रखने और उन्हें कंट्रोल करने में मदद मिलेगी ताकि ट्रैफिक डायवर्जन के लिए इन्हें रियल टाइम में मैनेज किया जा सके। गुजरात में सूरत के एसएसपी राजेश परमार ने बताया कि गणपति विसर्जन में लगभग 100 टन वजन वाली 13 बड़ी क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब तक 400 मूर्तियों का विसर्जन हो चुका है। इस बार लगभग 3500 से 4500 मूर्तियों का विसर्जन होने की उम्मीद है। लालबागचा राजा की शोभायात्रा शुरू हो गई है।

## ट्रंप का मैसेज, मोदी का रिप्लाई...

### अमेरिका-भारत में संबंध सुधरने के संकेत

- ट्रम्प बोले- भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार
- पीएम मोदी ने कहा-उनके विचारों की सराहना करता हूं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6-7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा-मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं। इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रूथ पर लिखा था,ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। वहीं, शनिवार को 9.45 बजे पीएम मोदी ने ट्रम्प के बयान को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा- राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों को



लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा- भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजीटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने साफ किया कि वे भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण निराश हैं। उन्होंने कहा-हमने भारत पर इसके लिए 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया है। पीएम मोदी की ट्रम्प को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं।



## अन्नदाताओं की मुस्कान ही है सरकार की ताकत

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले-किसानों के सुख-दुख में हमेशा साथ है सरकार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से प्रदेश के 11 जिलों के 17500 किसानों को 20 करोड़ 60 लाख रुपए बाढ़ राहत राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते दिनों प्रदेश में अतिवृष्टि (प्राकृतिक आपदा) के कारण फसलों को हुई क्षति के मुआवजे के रूप में प्रभावित किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए इस राहत राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित किसानों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा है कि प्रदेश के अन्नदाताओं की खुशहाली और उनकी मुस्कान ही हमारी सरकार की ताकत है। मौसम की मार में हम किसानों को बेसहारा नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि जो होना था, हो चुका। हम अपने किसानों को उनकी फसल क्षति का समुचित मुआवजा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्नदाताओं को भरोसा दिलाया कि प्रदेश का कोई भी किसान मौसम की मार पर बेसहारा नहीं रहेगा। हमारी सरकार सुख-दुख सहित हर परिस्थिति में किसानों के साथ है। सबको राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव आलोक सिंह, आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशल-क्षेम लेकर फसल क्षति और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिवपुरी के किसान राघवेन्द्र और जगत पाल, दमोह के सरदार सिंह और संग्राम सिंह, अशोकनगर के प्रदीप सिंह रघुवंशी और कल्याण सिंह, धार के ओमप्रकाश और जगदीश, छतरपुर के रमेश और श्री प्रकाश, रायसेन के श्री अरविंद और अमर सिंह से वर्चुअली संवाद किया। दमोह जिले में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी भी उपस्थित रहे। प्रभावित किसानों ने आपदा राहत राशि प्रदान करने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया।

## ब्रिक्स की वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे मोदी

### अब जयशंकर भाग लेंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे।

## बड़वानी में भूस्खलन, पहाड़ी से चट्टानें सड़क पर गिरीं

### कई वाहन फंसे,भोपाल का बड़ा तालाब ओवरफ्लो,भदभदा के गेट खोले

**भोपाल।** बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम ऐक्टिव होने से मध्यप्रदेश में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात हैं। कैचमेंट एरिया और सीहोर जिले में बारिश होने के बाद भोपाल के बड़ा तालाब में पानी का लेवल 1666.50 फीट तक पहुंच गया। इसके चलते भदभदा डैम के गेट सीजन में पहली बार खुले हैं। शनिवार सुबह 10.35 बजे महापौर मालती राय ने पूजा की, फिर बांध के दो गेट खोल दिए गए। पानी निकासी के बाद इनमें से एक गेट बंद कर दिया गया है। फिलहाल, कुल 11 में से एक गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। रायसेन में हलाली बांध के 3 गेट 2-2 मीटर तक खोले गए हैं। इससे 451.89 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को इंदौर के अम्मार नगर, खजराना में नाले किनारे बना तीन मंजिला मकान ढह



गया। राजगढ़, नीमच और उज्जैन में कारें पानी में बह गईं। एक युवक लापता है। वहीं, इंदिरा सागर समेत 5 डैम के गेट खोलने पड़े। रतलाम में खाचरौद रोड पर कुछ परिवार बच्चों के साथ पानी के बीच फंस गए थे।

## रेलवे से जुड़ा मिजोरम म्यांमार बॉर्डर तक बढ़ेगा रेल मार्ग

- आइजोल को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से मिला सीधा कनेक्शन, पीएम करेंगे उद्घाटन

**आइजोल (एजेंसी)।** मिजोरम की राजधानी आइजोल पहली बार भारतीय रेलवे के नेटवर्क से जुड़ गई है। अब यह रेल लाइन आगे बढ़कर म्यांमार बॉर्डर तक जाएगी। जिसका सर्वे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर के तीसरे सप्ताह में 8071 करोड़ रुपए की लागत से बनी 51.38 किलोमीटर लंबी बइरबी-सायरंग



रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह न केवल मिजोरम के लिए ऐतिहासिक पल है। बल्कि पूरे पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कनेक्टिविटी से जोड़ने का मार्ग भी तैयार करेगा। इससे न केवल मिजोरम का देश से संपर्क मजबूत होगा, बल्कि म्यांमार बॉर्डर तक रेल लाइन ले जाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। 2014 में शुरू हुई परियोजना यह परियोजना 29 नवंबर 2014 को शुरू हुई थी। सिलचर (असम) से बेइरबी तक रेल सेवा पहले से मौजूद थी, लेकिन मिजोरम की राजधानी आइजोल तक पहुंचाने के लिए बेइरबी से सायरंग तक नई लाइन बिछाई गई। अंतिम सेक्शन हरतकी-सायरंग को 10 जून 2025 को पूरा किया गया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्कअधिकारी शर्मा ने बताया कि यह लाइन दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों से गुजरती है।

## दिल के मरीजों का लंबा इंतजार अब जल्द होगा खत्म

- भोपाल एम्स में हार्ट सर्जरी के लिए 22 करोड़ में नया सेटअप, आएगी नई मशीनें

**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के हार्ट पेशेंट का इलाज पहले से आधुनिक और त्वरित होने वाला है। हृदय रोगियों, गर्भ में बच्चों का हृदय दोष और ऑपरेशन के लिए 6 एडवांस मशीनें आने वाली है। करीब 22 करोड़ रुपए की लागत से एम्स में एक नया कार्डियक सेटअप तैयार किया जाएगा। साथ ही



हाई-टेक बाइप्लेन कार्डियक कैथलैब लगाई जाएगी। इस व्यवस्था से इलाज के लिए ज्यादा समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों का तत्काल इलाज मिल पाएगा। एम्स के उपसंचालक संदेश जैन ने बताया कि यह सुविधा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत प्रारंभ की जाएगी। नवंबर से रोगियों को इस सुविधा का लाभ मिलने की उम्मीद है। यह एक नई लैब है जो एक साथ दो अलग-अलग एंगल से एक्सरे वाली इमेज देती है।

## हजरतबल दरगाह में अशोक चिन्ह पर बढ़ गया विवाद



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हजरतबल दरगाह में शुक्रवार को ईद-ए-मिलाद के मौके पर अशोक स्तंभ वाली एक नवनिर्मित शिलापट्ट को कुछ लोगों ने तोड़ दिया। जुमे की नमाज के बाद भीड़ शिलापट्ट के पास जमा हो गई और वक्फ बोर्ड के खिलाफ नारे लगाए और पत्थरबाजी की। इस घटना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सदियों से, दरगाह हजरतबल जम्मू-कश्मीर में मुस्लिमों के लिए सबसे पवित्र स्थल रहा है क्योंकि यहां पैगंबर मोहम्मद की निशानियां रखी हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, वक्फ बोर्ड ने करोड़ों रुपए खर्च करके हजरतबल दरगाह का रिनोवेशन करके उद्घाटन किया था। उद्घाटन शिलापट्ट पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक चिन्ह उकेरा गया था, जिसकी आलोचना की जा रही थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बताया। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है।

## मणिपुर आने में देरी पर पीएम मोदी मांगें माफी

- गोगोई बोले-न्याय में देरी, न्याय न मिलने के बराबर



**इम्फाल (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, पीएम मोदी की मणिपुर की संभावित यात्रा को किसी लक्ष्य का अंत नहीं मानना चाहिए, बल्कि राज्य में शांति, न्याय, सुलह और लोकतंत्र को वापस लाने की लंबी यात्रा की सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा- पीएम की संभावित यात्रा दो साल पहले होनी चाहिए थी। जैसा कि कहा जाता है कि न्याय में देरी होना, न्याय न मिलने के बराबर है, उसी तरह मणिपुर के लोगों को पीएम की यात्रा से बहुत लंबे समय तक वंचित रखा गया है। गोगोई ने कहा- जब पीएम आएंगे, तो उन्हें सबसे पहले पिछले 2 सालों में न आने के लिए मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। राज्य में अभी भी कई चुनौतियां बाकी हैं। दरअसल, शुक्रवार को गौरव गुवाहाटी पहुंचे थे। यहां इंडिया अलायंस के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के मीडिया इंट्रैक्शन में शामिल हुए थे। मई 2023 में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और उसके भारतीय साथियों के कथित संबंधों की जांच पर बनी टीम अपनी रिपोर्ट 10 सितंबर को सौंपेगी।

## राजा हत्याकांड की चार्जशीट में पत्नी सोनम मर्डर की आरोपी

### प्रेमी राज भी हत्या का आरोपी, 97 दिन बाद शिलॉन्ग कोर्ट में 790 पेज की रिपोर्ट पेश

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में शव मिलने के 97 दिन बाद 6 सितंबर को एसआईटी ने चार्जशीट पेश कर दी। मेघालय पुलिस की एसआईटी ने शिलॉन्ग कोर्ट में 790 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इसकी जानकारी इंदौर में रघुवंशी परिवार को भी मिल चुकी है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि इस चार्जशीट में राजा की पत्नी सोनम और उसके बॉयफ्रेंड राज कुशवाह समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पांचों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। जानकारी के अनुसार, पूर्वी खासी हिल्स



के एसपी विवेक सिम ने बताया कि अतिरिक्त फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल की जाएगी। इनमें प्रॉपर्टी डीलर शीलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और सुरक्षा गार्ड बलबीर शामिल हैं। बता दें कि सबूतों को नष्ट करने और छिपाने के आरोप में तीनों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल ये तीनों जमानत पर हैं।

### शिलॉन्ग में खाई में मिला था राजा का शव

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम के साथ शादी हुई थी। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय रवाना हुए थे। 22 मई को दोनों सोहरा की यात्रा पर निकले थे। उन्होंने एक ऐक्टिवा भी किराए पर ली थी। 24 जून को राजा-सोनम से परिवार का संपर्क टूट गया था। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू की गई। 29 मई को तेज बारिश के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी थी। इसके बाद 30 मई को दोबारा सर्चिंग शुरू की गई। 2 जून को खाई में राजा का शव मिला।

# विशेष डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

## बैंको में हितग्राही योजनाओं का प्रदर्शन हो : कलेक्टर




**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को विशेष डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में हुई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोड़िया समेत विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा लीड बैंक आफीसर श्री भगवान सिंह बघेल, नाबार्ड की जिला प्रबंधक श्रीमती जसप्रीत कौर के अलावा विभिन्न विभागो के शाखा प्रबंधक व प्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने शासन की जनकल्याणकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति की विशेष तौर पर समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि सभी बैंको में हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रदर्शन किया जाए ताकि बैंको में आने वाले खाताधारक भी केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं से मुखातिब होकर लाभ प्राप्ति की प्रक्रिया का क्रियान्वयन कर सकें। उन्होंने सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि हरेक योजना के लक्ष्य विरूद्ध डेढ गुना प्रकरण बैंको को भेजे जाएं।

ऑन लाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रेषित किए जाने वाले प्रकरणो में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बैंकर्स भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं ताकि हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को बैंको के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता ना पडें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले में जिन कियोस्क केन्द्रो के माध्यम से हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पडा है ऐसे सभी कियोस्क संचालको के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि धरती आबा योजना सहित अन्य योजनाओं के शत प्रतिशत सेचुरेशन के उद्धेश्य से शिविरो का आयोजन किया जा रहा है इन खण्ड स्तरीय, ग्राम स्तरीय शिविरो में बैंकर्स प्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः दर्ज करें और बैंक संबंधी तमाम कार्य शिविर में ही संपादित कराएं ताकि उसी गांव में बैंक कार्यो के लिए उन्हें पुनः नहीं आना पडें। जब तक हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत प्रतिशत लाभावित कराने के लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होती है तब तक शिविरो का आयोजन यथावत किया जाएगा और इन शिविरो में उन ही विभागो के अधिकारियों को विशेष तौर पर मौजूद रहना होगा जिन विभागो के लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हुई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को प्रदाय किए गए पट्टो पर बनने वाले आवासो के लिए बैंकर्स ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे इसके लिए आवासीय मोर्टिगेज की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के वित्त पोषण में रूचि प्रदर्शित नहीं होने पर उक्त बैंक से सभी शासकीय खाते हस्तांतरित कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ, आजीविका मिशन के साथ-साथ अन्य विभागो के अधिकारियों को दिए है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर दुग्ध उत्पादको, मत्स्यपालको के लिए भी केसीसी जारी करने के निर्देश बैंकर्स प्रतिनिधियों को दिए है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य शिविर आयोजनों के दौरान ही पूर्ण कराए जाएं। जनसुरक्षा योजनाओं के तहत बैंक खाताधारको के लिए संचालित पीएमजेजेबीबाय, पीएमएसबीबाय बीमा प्रीमियम जमा कराने पर उन्होंने विशेष बल दिया है। डीएलसीसी की उक्त विशेष बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एसआरएलएम के माध्यम से संचालित स्वसहायता समूह बैंक लिकेंज की कार्यवाही उद्योग विभाग के माध्यम से क्रियान्वित पीएम विश्वकर्मा योजना, उद्यानिकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अलावा पशुपालन विभाग के माध्यम से क्रियान्वित डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनू योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पशुपालन क्रेडिट कार्ड योजना, बकरी इकाई योजना, वृदांवन ग्राम योजना तथा मत्स्य पालको को केसीसी और जिला आदिवासी वित्त विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित भगवान बिरसा मुण्डा योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना, जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति की संत रविदास स्वरोजगार योजना और डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पिछडा वर्ग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के साथ-साथ पीएम सूर्या घर मुक्त बिजली योजना तथा आकांक्षी जिला व विकासखण्ड के लिए निर्धारित मापदण्डो के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारियां प्राप्त की गई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने पूर्व उल्लेखित हितग्राहीमूलक योजनाओं के वित्त पोषण पर विशेष बल देते हुए कहा कि उसी वित्तीय वर्ष में हितग्राहियों द्वारा स्वरोजगार का संचालन किया जा सके ऐसी कार्यप्रणाली बैंकर्स प्रतिनिधि अपनाएं ताकि बैंको के प्रति हितग्राहियों का विश्वास बढें। लीड बैंक आफीसर श्री भगवान सिंह बघेल ने बैठक में टर्म लोन तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में जिले में बैंकिंग विकास की समीक्षा खासकर कृषि, सीडी रेशो एवं अन्य तथा एलडीआरओ भारतीय रिजर्व बैंक की समीक्षा की गई हैं। बैठक में बताया गया कि तिमाही सीडी रेशो निर्धारित अनुपात में नहीं है।



## किसान भीकम सिंह ने प्राकृतिक खेती को फसल विविधीकरण के साथ अपना कर कमाए लाखों का मुनाफा

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के ग्राम ईसाखेड़ी के किसान श्री भीकम सिंह कुशवाहा ने प्राकृतिक खेती को फसल विविधीकरण के साथ अपनाकर लाखों का मुनाफा प्राप्त किया है। भीकम सिंह ने मात्र दो एकड़ में फसल विविधीकरण के साथ प्राकृतिक खेती को अपनाया है। किसान श्री भीकम सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती करने से उन्हें कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त हो रहा है और रसायन मुक्त सब्जी एवं फल खाने से स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बंजर भूमि को प्राकृतिक खेती के माध्यम से उपजाऊ बनाया है। पारंपरिक रासायनिक खेती की समस्याओं से जूझने के बाद उन्होंने आत्मा परियोजना के माध्यम से नई तकनीकी अपनी जिससे उनकी आई बड़ी और भूमि की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। किसान श्री भीकम सिंह ने अपने खेत पर कृषि फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों की खेती भी करते हैं। अपनी जमीन में उन्होंने फसल सब्जी एवं फलों की खेती करके फसल विविधिरण का उत्तम उदाहरण पेश कर रहे है। अपनी जमीन के थोड़े-थोड़े हिस्से में सभी प्रकार की फसलों एवं लगाया है जिनमें सोयाबीन , मक्का, मिर्च, अदरक, नींबू, आम, पपीता, बैगन और बादाम शामिल हैं। किसान श्री भीकम सिंह बताते हैं कि वह अपनी सभी प्रकार की फसलों में केवल प्राकृतिक खाद जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, निर्मास्त्र जैसे प्राकृतिक घटक का ही उपयोग करते हैं। फसलों में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोग, कीट एवं बीमारियों का उपचार अग्निस्त्र, ब्रह्मास्त्र, निमास्त्र आदि के द्वारा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने डबल लॉक खाद वितरण केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा रायसेन में विपणन विभाग के डबल लॉक खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद के स्टॉक और वितरण व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सुचारू रूप से खाद वितरण संबंधी दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कलेक्टर द्वारा स्वयं भी खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया जा किया जा रहा है।

### कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का सतत् भ्रमण करने के दिए निर्देश

**रायसेन (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों तथा विभिन्न जिलों में उर्वरक वितरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा हो और उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा की जाए, जिससे किसानों को उर्वरक की उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल तथा अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने वीडियो कॉफ्रेंस के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में खाद वितरण व्यवस्था को गंभीरता से देखें तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमित वितरण की शिकायत प्राप्त ना हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सहकारिता, जिला सहकारी केन्द्र मर्यादित बैंक, कृषि तथा खाद विपणन अधिकारी और एसडीएम खाद वितरण केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करें तथा कहीं भी समस्या या कठिनाई होने पर उसका समाधान कराएं। इसके अतिरिक्त खाद वितरण में अनियमितता मिलने पर भी तत्काल कार्रवाई करें। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों से नियमित संवाद करें तथा खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी साझा करें। वीसी कक्ष में एसडीएम श्री मनीष शर्मा, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की महाप्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सतपुड़ा वर्कर्स सहकारी साख एवं कामगार समिति की वार्षिक आमसभा 13 सितंबर को पचमढ़ी में

**नर्मदापुरम (निप्र)।** सतपुड़ा वर्कर सहकारी साख एवं कामगार समिति मर्यादित, नर्मदापुरम की वार्षिक आमसभा 13 सितंबर 2025 शनिवार दोपहर 2: 00 बजे आयोजित की जाएगी। आमसभा का आयोजन पचमढ़ी स्थित इंदिरा गांधी प्रशिक्षण विद्यालय में किया जाएगा। आमसभा में संस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पारित किया जाएगा।

### पशुओं के अवैध परिवहन में लिप्त दो वाहन राजसात

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अंशुल गुप्ता ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन अपराध पर सख्ती बरतते हुए जप्त 02 वाहनों को राजसात करने की कार्यवाही के आदेश जारी किए हैं।




## सरपंच और पंचायत सचिव गांव की रीढ़ है, उनकी सक्रियता से ही विकास कार्य धरातल पर उतरते हैं : राजस्व मंत्री

**सीहोर (निप्र)।** ग्रामीण विकास कार्यों की सुचारू प्रगति और पंचायतों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा की अध्यक्षता में इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में सरपंच, पंचायत सचिव और जनपद पंचायत अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री वर्मा ने पंचायतों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सरपंच और पंचायत सचिव गांव की रीढ़ हैं। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता से ही विकास कार्य धरातल पर उतरते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। हम सभी को अपने गांव, जिले, प्रदेश और देश के विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता से पहुंचे। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी पात्र नागरिकों को आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन और अन्य ग्रामीण योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंचों और सचिवों से कहा कि सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## समय सीमा में करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण - राजस्व मंत्री

**सीहोर (निप्र)।** राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने इछावर तहसील कार्यालय में बैठक आयोजित कर राजस्व विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अधिकारियों से राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन को उनके राजस्व संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जब भी कोई शिकायतकर्ता या नागरिक आपसे मिलने आता है तो उससे आत्मीयता से मिलें और उसकी बात को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा समाधान करें।

प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों का दायित्व है कि वह समयसीमा में नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे और जनता को पारदर्शी प्रशासन मिले। बैठक में उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और भूमि विवाद सहित सभी राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित निराकरण करना एक अधिकारी की कार्यकुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में कहीं भी अनावश्यक विलंब पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि फील्ड में पदस्थ पटवारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से ग्रामों का भ्रमण करें और नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं को सुनें।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सीएम किसान कल्याण योजना और सरकार की अन्य राजस्व संबंधी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस के इस दौर में राजस्व विभाग को अधिकतम डिजिटल माध्यमों का उपयोग करना चाहिए और ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीण जनता को भी जागरूक किया जाए ताकि वे डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर सकें।

बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता ही सुशासन की पहचान है। बैठक के पश्चात उन्होंने आम नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में इछावर एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता ही सुशासन की पहचान है : राजस्व मंत्री



# एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत कन्वजेंस बैठक का आयोजन




**बैतूल (निप्र)।** एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि को राज्य के चिन्हित 51 जिले जिसमें बैतूल भी शामिल है के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 23 सितम्बर को तथा छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 26 सितम्बर शुक्रवार को यह अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शासकीय, निजी, केन्द्र शासित, आदिवासी आश्रम शालाओं, स्नातक महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत संचालक चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय समस्त बच्चों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं जो कि गर्भवती, धात्री नहीं हैं कृमिनाशक किया जाएगा। डॉ हुरमाड़े ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है एवं कृमि संक्रमित हितग्राही के पोषण एवं अवशोषण स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है, जिसके द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग आदि के समन्वयन से कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है। डॉ हुरमाड़े ने कहा कि कृमिनाशक दवाई देने के पूर्व सावधानी बरती जाए, दवा की एक्सपायरी, दवाई में फंगस, नमी तो नहीं है, जांच करें एवं निर्धारित आयु अनुसार ही हितग्राही को कृमिनाशक की दवा खिलाई जाए। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की आधी गोली चूरा करके, 2 से 3 वर्ष के बच्चे को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चूरा करके, 3 से 19 वर्ष के बच्चे को एल्बेंडाजोल की पूरी गोली चबाकर एवं 20 से 49 वर्ष की महिलाऐं को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चबाकर पीने के साफ पानी के साथ खिलाई जाये।

## पर्यावरण क्षरण पर कार्यशाला आयोजित

**विदिशा (निप्र)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री शेख सलीम के मार्गदर्शन में, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहयोग से पर्यावरण सम्बंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला न्यायालय, विदिशा के वी.सी. कक्ष में किया गया था। कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर, ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच-'ज' तत्वों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखना चाहते हैं तो पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण समय की आवश्यकता है। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं हितधारकों को एक साझा मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा एवं समाधान खोजने का प्रयास करना है। कार्यशाला में म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल से आए श्री जयनेन्द्र चंदेल द्वारा प्रजेंटेशन एवं स्लाइड शो के माध्यम से पर्यावरण अधिनियम, नियमों तथा प्रदूषण एवं पर्यावरण क्षरण से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से श्री जयनेन्द्र चंदेल , श्री रोहित सिंह , श्री शिवम द्विवेदी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, वन विभाग, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# डॉयल 112 के तहत प्राप्त गाड़ियों का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित

## जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस के अधिकारियों ने गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, सीहोर जिले को प्राप्त हुई डायल 112 के तहत 24 गाड़ियां



**सीहोर (निप्र)।** पुलिस विभाग द्वारा सीहोर स्थित पुलिस लाईन पर डॉयल 112 के लिए प्राप्त गाड़ियों का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन सभी डॉयल 112 की गाड़ियों को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, विधायक श्री सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, पुलिस महानिरीक्षक श्री अभय सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए इन डायल 112 के वाहनों का शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च भी कराया गया। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि पूर्व में जिले में 20 गाडियॉ डॉयल 100 के रूप में संचालित की जा रही थी, जिन्हें अब परिवर्तित कर डायल 112 के अन्तर्गत 24 गाड़ियॉ अब संचालित की जा रही हैं। जिले को कुल 24 डॉयल 112 गाड़ियॉ प्राप्त हुई, जिसमें 5 स्कार्पियों एन एवं 19 बुलेरो नियो मॉडल की गाड़ियां शामिल हैं। इन डॉयल 112 गाड़ियों की विशेषता है कि इनमें 02 डेश कैमरा स्थापित हैं, जिसमें एक कैमरा गाड़ी के सामने एवं दूसरा कैमरा गाड़ी के अन्दर की रिकार्डिग करेगा। पुलिस स्टाफ को बाड़ी वार्न कैमरा दिया गया हैं, जो घटना को रिकार्ड करेगा। गाड़ी में स्थापित नवीन एमडीटी में उच्च स्तरीय मेपिंग की गई है, जिससे समय पर घटना स्थल पर पहुंचा जा सकेगा, गाड़ी में 05 जीपीएस लोकेटर है। जिससे 5 तरीके से गाड़ी को लोकेट किया जा सकता हैं। इसके अतिरिक्त वाहन में विभिन्न प्रकार के 45 प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जो आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में उपयोग किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि डायल 112 योजना एक इंटीग्रेटेड सेवा हैं, जिसके माध्यम से एक ही नम्बर 112 से कई प्रकार की सेवाये प्राप्त की जा सकती हैं। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित सहायता को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से डायल 112 एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को पूर्ण रूप से संचालित किया जा रहा हैं । इस पहल के अंतर्गत कोई भी नागरिक मोबाइल एवं लेंडलाईन से 112 नंबर डायल कर पुलिस (100), स्वास्थ/एम्बुलेंस (108), फायर बिग्रेड(101), महिला हेल्पलाईन (1090), सायबर क्राइम (1930), रेल मदद(139), हाईवे एक्सीडेन्ट रिस्पॉस (1099), प्राकृतिक आपदा(1079) और महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन(181, 1098) जैसी सभी सेवाएं एक ही नम्बर पर प्राप्त कर सकता है। एएसपी श्रीमती सुनीता रावत को को डायल 112 का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जायेगी कृमिनाशक गोली

**खण्डवा (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 23 सितंबर को मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी जायेगी। जिले भर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जायेगा। आगामी 23 सितम्बर को छूटे हुए बच्चों को 26 सिंतबर को मॉप अप राउंड में यह गोली खिलाई जायेगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजोल की आधी गोली और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाई जायेगी।

### केज कल्चर यूनिट की स्थापना के लिए 10 सितम्बर तक आवेदन करें

**देवास (निप्र)।** सहायक संचालक मत्स्य ने बताया कि जिले में मत्स्य उत्पादन को बढावा देने के उद्देश्य से 100 हेक्टेयर से अधिक औसत जलक्षेत्र वाले जलाशयों में केज कल्चर यूनिट स्थापित करने की योजना के तहत 10 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित है। योजना के लिए देवास जिले में दतुनी जलाशय विकासखण्ड कन्नौद को इस चुना गया हैं। इस योजनान्तर्गत जलाशय के एक प्रतिशत जलक्षेत्र पर केज यूनिट का निर्माण प्रस्तावित हैं, योजनान्तर्गत प्रति केज यूनिट को अनुमानित लागत 03 लाख रूपये (1.50 लाख रुपये स्थापना और 1.50 लाख रुपये इनपुट्स के लिए) हैं। उन्होंने बताया कि पूरा खर्च आवेदक को वहन करना होगा। प्रशासन द्वारा आवेदकों को केवल जलक्षेत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

### देवास में 100 बेड का सखी निवास (वर्किंग वुमेन हॉस्टल) बनेगा

**देवास (निप्र)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग देवास श्री साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि देवास में कामकाजी महिलाओं को आवासीय सुविधाये प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर 100 बेड का सखी निवास (वर्किंग वुमेन हॉस्टल) का निर्माण बैंक ऑफ इंडिया के पीछे, औद्योगिक थाने के पास औद्योगिक क्षेत्र देवास में किया जा रहा हैं। सखी निवास भवन 100 सीटर का होकर लगभग 4000 वर्गमीटर बिल्टअप एरिया का होगा। सखी निवास (वर्किंग वुमेन हॉस्टल) का निर्माण कार्य मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पो. लिमिटेड द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्किंग वुमेन हॉस्टल के पास में ही औद्योगिक पुलिस थाना है, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए उपयोगी रहेगा। महिलाओं को वर्किंग वुमेन हॉस्टल में आवासीय सुविधा के साथ ही अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधायें भी प्राप्त होगी।

### हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ़ वुमेन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

खण्डवा (निप्र)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे कार्यक्रम हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ़ वुमेन के तहत महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति रत्ना शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल खंडवा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे डॉ. शीला सांवरे ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता विषय पर समझाइश दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान शरीर में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावो के बारे में भी बताया गया। इससे पूर्व गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला स्वाधार ग्रह में आयोजित कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ शीला सांवरे ने महिलाओं को जेंडर संवेदीकरण के विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने लाडली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की है।

## देवास विकासखण्ड के ग्राम खटाम्बा में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया



देवास (निप्र)। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत देवास विकासखण्ड के ग्राम खटाम्बा में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक संगोष्ठी में प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र देवास डॉ आर.पी.शर्मा ने किसानों को देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र पर आधारित प्राकृतिक खेती की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने जीवामृत, घनजीवामृत, निमास्त्र बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही सोयाबीन की फसल में वर्तमान में कीट एवं बीमारियों के प्रकोप से सोयाबीन को बचाने के लिए आवश्यक कीटनाशक एवं फफूंद नाशक दवाओं के बारे में बताया।

परियोजना संचालक आत्मा देवास श्री एम.एल सोलंकी ने किसानों को प्राकृतिक खेती एवं आत्मा योजना की जानकारी दी। ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर श्री रोहित यादव ने किसानों को भारत सरकार की राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी दी। संगोष्ठी में किसानों को जीवामृत बनाकर भी बताया गया। कृषक संगोष्ठी में जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर रही श्रीमती संतोष राजपूत, श्रीमती रुबीना बी ने अपने अनुभव साझा किए। किसानों

## इंदौर नगर निगम और आईएफसी के बीच 1700 करोड़ लोन राशि का एमओयू

**इन्दौर (निप्र)।** नगर निगम इंदौर और इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन (आईएफसी) के बीच 1700 करोड़ रुपए के लोन के लिए एमओयू साइन हुआ। यह समझौता अमृत योजना के चतुर्थ चरण, धार रोड पर बनने वाले चंदन नगर चौराहे के ब्रिज, नया नगर निगम बिल्डिंग, और वर्कशॉप निर्माण जैसे विकास कार्यों को गति देगा।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में आईएफसी की ओर से मोहित बनेडीवाला और विक्टोरिया डेलमेन ने तथा निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर दस्तावेज़ों का आदान-प्रदान किया।

महापौर ने बताया कि प्रारंभ में अमृत योजना केवल 1100 करोड़ रुपए की थी, लेकिन भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए इसका दायरा बढ़ाकर लगभग 2200 करोड़ रुपए तक किया गया है। इनमें से 1200 करोड़ अमृत प्रोजेक्ट के लिए और 500 करोड़ नए निगम भवन, चंदन नगर ब्रिज और वर्कशॉप बनाने के लिए उपयोग होंगे।

महापौर भार्गव ने कहा, ÷ यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि बिना किसी गारंटी और कोलेट्रल के, केवल नगर निगम की क्षमता के आधार पर हमें 1700 करोड़ रुपए का लोन मिला है। आईएफसी का सहयोग केवल वित्तीय लोन देना ही नहीं है, बल्कि तकनीकी स्तर पर भी सहयोग करेगी जो इंदौर के विकास में मार्गदर्शक साबित होगा।÷

महापौर ने आगे कहा कि नर्मदा जल योजना का चौथा चरण 2045 तक इंदौर की ज़रूरतों को पूरा करेगा और 2055 तक जल आपूर्ति क्षमता को सुनिश्चित करेगा। इसे इंदौर के विकास के लिए भविष्य का मील का पत्थर बताया गया। अंत में उन्होंने आईएफसी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी भारतीय शहर को इतने बड़े लोन की राशि बिना किसी गारंटी के देने के लिए आपसी सहमति हुई है। ÷हम आशा करते हैं कि आप भविष्य में भी इन परियोजनाओं की प्रगति देखने इंदौर आते रहेंगे।÷

## बिजली कंपनी के एमडी श्री सिंह ने आपूर्ति व्यवस्था का किया निरीक्षण



### बरसते पानी में कार्य करने वालों का बढ़ाया हौसला

**इन्दौर (निप्र)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शहर के बिजली ग्रिडों का भ्रमण किया, उन्होंने बरसते पानी में आपूर्ति सुधार कार्य करने वाले बिजली कर्मचारियों की समर्पण भावना की सराहना की।

श्री सिंह ने धार रोड स्थिति सिरपुर में आरडीएसएस अंतर्गत पिछले माह तैयार हुए 33/11 केवी नए ग्रिड का निरीक्षण किया, निर्माण ऐजेंसी को कुछ छूटे हुए कार्यों को पूर्ण करने को कहा। बिजली अधिकारियों से नए ग्रिड से लाभान्वित होने वाले क्षेत्र एवं उपभोक्ताओं की संख्या जानी। इसी तरह गुमास्ता नगर के 33/11 केवी नए ग्रिड का निरीक्षण किया। आरडीएसएस अंतर्गत स्कीम नंबर 71, गुमास्ता नगर क्षेत्र में लगे 100 केवीए के नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना कार्य का भी मुआयना किया गया। श्री सिंह ने कहा कि ट्रिपिंग घटाना, आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ाना और उपभोक्ताओं की संतुष्टि में इजाफा ही कंपनी का मुख्य ध्येय हैं, इसके लिए कर्मचारी , अधिकारी गंभीरता से कार्य करे। इस दौरान मुख्य अभियंता कार्य श्री एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री आरबी दोहरे, इंदौर मध्य शहर संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री शैलेंद्र सिंह भदौरिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## शहर के जल जमाव क्षेत्र में सुचारू रूप से जल निकासी हो



### महापौर द्वारा जल जमाव एवं रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा बैठक

इन्दौर (निप्र)। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा जल जमाव एवं सड़को के गड्ढे तथा रेस्टोरेशन कार्य के संबंध में महापौर सभा कक्ष में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में आयुक्त श्री शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने वर्षा काल के दौरान शहर की सड़कों की दुर्दशा को दृष्टिगत रखते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इंदौर की वर्तमान में सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है। इसके लिए शहर के ऐसे स्थान जहां पर सड़कों पर गड्ढे है वहां पर ब्लॉक लगाकर गड्ढे भरते हुए रेस्टोरेशन का कार्य किया जाए।

महापौर श्री भार्गव द्वारा इंदौर विकास प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी, एमपी आरडीसी एवं मेट्रो के माध्यम से शहर में निर्माणाधीन ब्रिज एवं मेट्रो कार्य में संलग्न कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 5 सितंबर को आवश्यक बैठक करने के भी निर्देश दिए गए।

## जिला पशु कल्याण समिति खंडवा की बैठक संपन्न

**खण्डवा (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर सभागृह में जिला पशु कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की पशु चिकित्सा संस्थाओं के रखरखाव हेतु फर्नीचर एवं कोल्डचेन मेंटेन करने के लिए फ्रिज क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले में संचालित चलित पशु चिकित्सा सेवा 1962 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, तथा इस सुविधा के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले पशुओं की संख्या में भी वृद्धि की जाए।



कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि चलित पशु चिकित्सा वाहन जब भी ग्रामों में चिकित्सा हेतु जाए तो अन्य रोगी पशुओं का भी इलाज करे, और प्रत्येक वाहन को प्रतिदिन कम से कम 10 पशुओं का उपचार का लक्ष्य दिया जाए। बैठक में जिला स्तरीय संस्था पॉली क्लिनिक खंडवा के केंपस में शेड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक्स की स्वीकृति प्रदान की गई। शासन के द्वारा सभी कार्य ऑनलाईन पोर्टल पर होने के कारण कार्यालय एवं चिकित्सालय में बेहतर कार्य की सुविधा की दृष्टि से कम्प्यूटर प्रिटंर के रख रखाव इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए भी बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा जिला स्तरीय पशु चिकित्सालय में मॉनिटरिंग हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला पशु कल्याण समिति की आय बढाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में उपसंचालक डॉ. हेमन्त शाह, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. ए.के. पटेरिया पशु चिकित्सा सेवायें, कार्यपालन यंत्री पी.डब्ल्यू.डी. श्री नरेन्द्र सिंह मण्डलोई, सहायक आयुक्त नगर निगम श्री सचिन सिटोले, अध्यक्ष जिला कृषि स्थायी समिति श्री जितेन्द्र भाटे एवं पंधाना विधायक प्रतिनिधि श्री कुशवाह उपस्थित हुए।

## लोकल फॉर वोकल - की थीम पर आयोजित सात दिवसीय आकांक्षा हाट का हुआ समापन

**रतलाम (निप्र)।** रतलाम जिला मुख्यालय पर गुलाब चक्कर पर 29 अगस्त से 4 सितंबर तक आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री नीना आशापुरे, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रतलाम की अध्यक्षता में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलेक्टर श्री राजेश बाथम एवं श्री नीरज पवैया सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्जलित कर अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। जिसके पश्चात बालिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। आकांक्षा हाट में रतलाम के स्थानीय उत्पादो को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल लगाये गये। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के स्थानीय निवासियों द्वारा तैयार किए। गए ऑर्गेनिक एवं आयुर्वेदिक तथा अन्य हाथ से तैयार किए गए प्रोडक्ट के इस आकांक्षा हाट में अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए गए ।



लगातार सात दिवस तक रतलाम जिले की जनता को स्थानीय उत्पादों का लाभ प्राप्त हुआ। आकांक्षा हाट में कुल 35 स्टॉल लगाए गए, सभी स्टॉलों से कुल 1852 उत्पादों की बिक्री हुई, जिनके माध्यम से 3,48,780-/ रुपए की धनराशि विक्रेताओं को प्राप्त हुई।

आकांक्षा हाट के साथ ही सातों दिवसों में प्रतिदिन गुलाब चक्कर में लाइटिंग एवं संगीत गायन, नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर सुश्री नीना आशापुरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे समाज मे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देते हैं, जो व्यावसायी अपने उत्पादों को बड़े स्तर तक नहीं ले जा सकते वह इन हाट बाजारों में अपने उत्पादों को उचित मूल्य पर विक्रय हेतु रख सकते हैं और अपना प्रचार-प्रसार कर सकते हैं, जिससे वह अपनी आजीविका को अच्छे तरीके से चला सकते हैं। उनके द्वारा हाट में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं किसानों तथा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागीगणों एवं प्रदर्शनकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई । साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा एवं सालसा की योजनाओं के बारे में संक्षिप्त में बताया कि हमारा उद्देश्य समाज में पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है। और कोई भी व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सेंटर, जिला न्यायालय परिसर रतलाम में प्राप्त कर सकता है । कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। साथ ही ऐसे हाट का आयोजन हमेशा होते रहेंगे ऐसा आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी नवरात्रि में कालिका माता मंदिर परिसर में मेला आयोजित किया जाएगा, उस मेले में गुलाब चक्कर को भी सुसज्जित करके हमारे लोकल फॉर वोकल के आधार पर दुकानें लगाई जाएगी। कलेक्टर श्री बाथम ने आकांक्षा हाट की उचित व्यवस्था के लिए साथी अधिकारीगण एवं उनके टीम वर्क की सराहना की । आकांक्षा हाट में जिन स्टालों द्वारा अच्छा परफॉर्मेंस किया गया, उनको प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बाजना जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी जन अभियान परिषद के जिला समन्वय, जिला योजना अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना के क्रियान्वयन में खंडवा जिला व खंडवा के विकासखंड टॉप 5 में

खण्डवा (निप्र)। 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना के क्रियान्वयन में आज की स्थिति में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में खंडवा, सिंगरौली, बैतूल, देवास और आगर मालवा जिले शामिल हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि प्रदेश के टॉप 5 विकासखंडों में भी खंडवा विकासखंड शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य विकासखंडों में चितरंगी, पंधाना, पुनासा और खालवा विकासखंड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना का लाभ लेने के लिए चयनित हुई समूह की महिला के पास बगिया लगाने के लिए भूमि भी निर्धारित की गई है। चयनित महिला के पास न्यूनतम 0.5 या अधिकतम एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है। एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का चयन 'एक बगिया मां के नाम' ऐप से किया गया है। ऐप का निर्माण मनरेगा परिषद द्वारा कराया गया है। एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत किए जा रहे पौधरोपण की मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ड्रोन के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। जिससे चयनित जमीन, गड्ढे सहित पौधों की यथास्थिति के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त हो सके। प्रदेश में पहली बार पौधरोपण के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद ली जा रही है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति से किया गया है। जलवायु के साथ ही किस जमीन पर कौन सा फलदार पौधा उपयोगी है, पौधा कब और किस समय लगाया जाएगा, पौधों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी कहाँ पर उपलब्ध है, यह सब सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से पता लगाया जा रहा है।

**शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान**

## विकसित भारत के विकास में शिक्षकों की है महत्वपूर्ण भूमिका- महापौर

**इन्दौर (निप्र)।** सामान्य प्रशासन प्रभारी श्री नंदकिशोर पहाडिया ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राष्ट्रीय कवि श्री सत्यनारायण सत्तन, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा आज रविन्द्र नाटय गृह में मां सरस्वती एवं श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 190 से अधिक मान. शिक्षक गण को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, महापौर परिषद सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया, श्री निरंजन सिंह चौहान, श्री अश्विनी शुक्ल, श्री मनीष शर्मा मामा, श्री अभिषेक बबलू शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, पार्षद श्री योगेश गेंदर ,श्री कमल वाघेला, श्री भारत रघुवंशी, श्रीमती कंचन गिदवानी, श्री महेश चौधरी, अपर आयुक्त श्री मनोज पाठक, एवं बड़ी संख्या में शिक्षक गण एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण के दौरान सामान्य प्रशासन प्रभारी श्री नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार नगर निगम इंदौर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाता है, उन्होंने कहा कि जीवन की राह दिखाने वाले शिक्षक होते हैं



और उनके सम्मान समारोह पर मैं उनको नमन करता हूं आज नगर निगम इंदौर द्वारा शहर के विभिन्न शासकीय स्कूल के 190 से अधिक प्रिंसिपल, अध्यापक, शिक्षकों का सम्मान किया गया है एवं सम्मान के पश्चात सभी शिक्षकों के लिए स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर राष्ट्र की धरोहर इंदौर का सम्मान एवं विश्वास हमारे गुरु चरणों में नमन करता हूं, माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में शिक्षक सहयोगी है, जब जब कोई क्रांति परिवर्तन युवाओं के माध्यम से आता है तब तब भारत का नाम आता है, उन्होंने कहा कि विश्व को तरुण राष्ट्र बनाने में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है राष्ट्र की धरोहर को संवारने का काम करते हैं शिक्षक, देश आपकी ओर देखता है, हर विकास का प्रेरणा स्त्रोत है शिक्षक मैं आप सभी को नमन करता हूं।

राष्ट्रीय कवि श्री सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि शिक्षक साक्षात मां सरस्वती का रूप है जो अंधकार के सारे बंधन को हटा देता है, शिक्षक के मन में विद्यार्थी के साथ ही सभी के लिए अच्छा भाव रहता है उन्होंने कहा कि गुरु गुरु होता है कभी लघु नहीं होता है और जो लघु हो जाए वह गुरु नहीं होता , शिक्षक को हमेशा आत्म संतोषी होना चाहिए । मैं आप सभी शिक्षक को नमन करता हूं।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आज सर्वपल्ली श्री राधा कृष्ण जी के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है में समारोह में आए सभी शिक्षकों को नमन करता हूं, मैं एक शिक्षक का बेटा हूं और मैं जानता हूं कि शिक्षक किस परिस्थिति में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं, उन्होंने एक शिक्षक कितना महत्वपूर्ण होता है इसका उदाहरण देते हुए बताया कि टीच मतलब होता है पढ़ना, पिच का मतलब आपके विचार संस्कार, और दोनों को मिलाकर एक शिक्षक अपने विद्यार्थी को उसके जीवनकाल के लिए तैयार करता है। शिक्षक जीवन को समवर्ती भी है और संस्कृति को संभालते भी है, भारत देश को विश्व की चौथी महाशक्ति बनाने के साथ ही विकसित भारत के संकल्प में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।महापौर श्री भार्गव ने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन के प्रावधान के अंतर्गत 5 साल में एक बार चुनाव होने से शिक्षकों को साथ ही प्रशासनिक अमले एवं नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। हमने मॉडल स्कूल निर्माण करने का जो संकल्प लिया था और उसे पूरा भी किया नगर निगम इंदौर द्वारा 6 मॉडल स्कूल के स्थान पर 12 मॉडल स्कूल निर्माण किए गए हैं ताकि बच्चों को सरकारी स्कूलों में भी बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि आज के दौर में शिक्षक को शिक्षा देने के अलावा भी अन्य कामों में संलग्न किया जाता है, शिक्षकों का दायित्व बड़ा है आने वाली पीढ़ी का निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत नाहली में मुख्य मार्ग पर कचरा-गंदगी, हो रही परेशानी



**राजगढ़/इकलेरा, निप्र।** ग्राम पंचायत के नाहली में मुख्य रास्ते पर पसरी गंदगी के कारण ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से अक्सर गुजरने वाले 10-12 परिवार के लोग तो इससे सबसे ज्यादा परेशान हैं। बताया कि गांव में आने-जाने का रास्ता गंदगी कचरे से सटा पड़ा है। इसकी शिकायत ग्राम पंचायत सरपंच धीरज मालवीय को भी दी गई सरपंच ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। बताया कि इस रास्ते से स्कूली बच्चों का भी आना-जाना रहता है, जिन्हें गंदगी में से निकलता तक मुश्किल हो रहा है। गांव के शिव सिंह राजपूत, प्रेम सिंह राजपूत, पवन राजपूत, सरजन सिंह, नंदा बा ने बताया की मुख्य रास्ते पर गंदगी होने से उन्हें काफी घूमकर आना-जान पड़ता है। यह रास्ता मुख्य सड़क पर जाने के लिए सीधा मार्ग है, इसके बावजूद इस मार्ग का निर्माण अब तक नहीं किया गया है, कच्चे रास्ते की भी सफाई नहीं करवाई जाती।

### शिव के परिवार से लेनी चाहिए परिवार में एकता से रहने की सीख : पंडित व्यास



**राजगढ़/छापीहेड़ा, निप्र।** समीपवर्ती ग्राम सिकंदरी में श्री राम मंदिर प्रांगण में हो रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथाचार्य ने धर्म और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा वाचक पंडित मुरलीधर व्यास ने कहा कि भगवान आशुतोष शिव जी के परिवार को देखकर संसारी मनुष्य को ज्ञान लेना चाहिए, कि हम परिवार में एक जुट होकर कैसे रहे। भगवान शिव वाहन बेल पर बैठते हैं माता पार्वती शेर की सवारी करती और शिव के बड़े पुत्र स्वामी कार्तिकेय मोर पर बैठते हैं। शंकर जी गले में सर्प का हार पहनते हैं पर दोनों एक साथ रहते हैं। भगवान शिव जी का दुनिया को संदेश है की एक जुट होकर रहना चाहिए। कथा का समापन 9 सितंबर को होगा जिसमें पूर्णाहुति के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

### हिन्दू उत्सव समिति ने अधिकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित



**राजगढ़/जीरापुर, निप्र।** हिन्दू उत्सव समिति द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारी अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। ढोल ग्यारस पर्व के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हिन्दू उत्सव समिति द्वारा तहसीलदार आरपी सिह,थाना प्रभारी रवि ठाकुर,नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा कस्बा पटवारी जगदीश चौहान सहित अन्य कर्मचारियों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शहर में आयोजित होने वाले धार्मिक सामाजिक एवं विभिन्न आयोजन के दौरान पुलिस, प्रशासन व नगर परिषद द्वारा की जाने वाली सराहनीय व्यवस्था का उल्लेख करते हुए आभार माना गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष व नगर परिषद उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, अशोक सेन,कमल भावसार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# 7 सितम्बर 2025 को भारत में दृश्य होगा चन्द्र ग्रहण

## चंद्रग्रहण के दौरान ग्रहों का बन रहा बहुत ही विचित्र संयोग



### कब करें श्राद्ध की पूजन

**ब्यावरा।** साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लग रहा है। यह चंद्रग्रहण पूर्ण चंद्रग्रहण होगा यानी चंद्रमा इस समय पूरी तरह से ढक जाएगा। यह ग्रहण ज्योतिषीय दृष्टि से भी कई मायनों में खास होने जा रहा है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा को होने वाला चन्द्रग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक दिन के 12.58 से प्रारंभ होगा, सूतक के पूर्व ही श्राध्द के निमित्त तर्पण व पिण्डदान कर कर लेना होगा। माँ गायत्री ज्योतिष अनुसंधान एवं परामर्श केंद्र( ब्यावरा) के ज्योतिर्विद् पुनीत शर्मा ने बताया कि चन्द्रग्रहण का प्रारम्भ रात्रि 9.58, सम्मिलन 11.01, मध्य 11.42, उन्मीलन 12.22, मोक्ष रात्रि 1.26 पर होगा , पूर्ण पर्व काल 3 घंटे 28 मिनट का रहेगा।

**चंद्रग्रहण पर राहु चंद्रमा की युति से बनेगा ग्रहण योग:** चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। यह साल का अंतिम और पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। भारत सहित कई अन्य देशों में यह दृश्य होगा। दरअसल, इस चंद्रग्रहण के दौरान ग्रहों के बहुत ही विचित्र संयोग बन रहा है। सूर्य और केतु की युति सिंह राशि में रहेगी। वहीं, राहु और चंद्रमा की युति इस दिन कुंभ राशि में होगा। ऐसे में राहु और चंद्रमा की युति होने से ग्रहण योग बनेगा। वहीं, सूर्य और केतु की युति से भी ग्रहण योग बना है। ऐसे में डबल ग्रहण योग का प्रतिकूल प्रभाव देश, दुनिया और राशियों पर दिखाई देगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की ऐसी स्थिति के बीच पहाड़ी क्षेत्रों में इस दौरान भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाएं घटित हो सकती हैं। मेष, वृषभ, कन्या, धनु राशियों के लिए चन्द्रग्रहण शुभ व कर्क, वृश्चिक, कुम्भ, मीन राशियों के लिए अशुभ रहेगा।

**सूतक काल में करें इन नियमों का पालन:** चंद्र ग्रहण के सूतक काल में और भोजन संबंधी पदार्थों को अशुद्ध होने से बचाने के लिए उनमें तुलसी या कुश के पत्ते डालने चाहिए, पूजा, हवन और मूर्तियों को छूने से बचना चाहिए, सोना, नाखून काटना, या धारदार वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए और गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए. इस अवधि में मंत्र जाप और ध्यान करना कल्याणकारी होता है। सूतक काल में खाना पकाने, खाने या पीने से बचना चाहिए। घर में रखे भोजन में तुलसी या कुश के पत्ते डाल दें ताकि वह अशुद्ध न हो। इसके अलावा बाल कटवाना, नाखून काटना, दाढ़ी बनाना या तेल लगाना जैसे शारीरिक शुद्धिकरण के कार्य न करें। ग्रहण काल के दौरान पूजा, हवन, यज्ञ, मूर्ति स्थापना और विवाह जैसे शुभ कार्यों से बचें। इसी दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और किसी नए व्यवसाय या निवेश की शुरुआत न करें। धारदार वस्तुओं में चाकू, कैंची और सुई जैसी नुकीली वस्तुओं का उपयोग न करें वहीं इस दौरान शयन से परहेज रखे।

**ज्योतिर्विद् पुनीत शर्मा ब्यावरा**



## प्रकृति विरोधी विकास की होड़ में हम चले प्रकृति के साथ

**ब्यावरा।** श्री मेडतवाल नवयुवक संघ ब्यावरा के 50 वीं वर्षगांठ के आयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्य भारत प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया के उद्बोधन में डिस्पोजल मुक्त अभियान से प्रेरणा लेकर श्री मेडतवाल पंचायत ब्यावरा के निर्देशानुसार मेडतवाल नवयुवक संघ ब्यावरा द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि स्वच्छता एवं पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने के लिए नवयुवक संघ द्वारा संचालित श्री मेड़तवाल धर्मशाला में होने वाले सभी आयोजनों को पत्तल, दोना डिस्पोजल का प्रयोग आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती से नहीं किया जाएगा एवं सभी कार्यक्रमों में भोजन हेतु थाली, गिलास एवं कटोरी का उपयोग किया जाएगा यह निर्णय राजगढ़ जिले में किसी भी समाज व धर्मशाला द्वारा लिया गया। धर्मशाला में समाज बंधुओ द्वारा थाली, कटोरी एवं गिलास की व्यवस्था निःशुल्क कर दी गई है।

## विवेकानंद एकेडमी के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** संभाग स्तरीय कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे सुमित दांगी पिता नैनसिंह, विशाल दांगी पिता द्वारका प्रसाद, महेंद्र दांगी पिता रामबाबू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और ऋषि दांगी पिता विष्णु व सचिन दांगी पिता लक्ष्मीनारायण ने रजत पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक प्राप्त तीनो खिलाड़ी नवंबर में इंदौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे और विद्यालय के 5 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसमे प्रतिज्ञा दांगी, अर्शिता दांगी, मुस्कान दांगी, शिवम दांगी व गोविंद दांगी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शिवम चंद्रवंशी, संस्था प्राचार्या अंकिता गुप्ता मैम, कोच धर्मराज दांगी, समस्त विद्यालय परिवार व ईष्टमित्रो आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी। यह स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन दिखाएंगे।

## भक्ति भाव से निर्वाण लाडु चढ़ाकर मनाया बारहवे तीर्थंकर 1008 श्री वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव



**ब्यावरा।** जैन धर्म पर्वाधिराज पर्युषण पर्व दसलक्षण धर्म के दसवें उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस एवं बारहवे तीर्थंकर 1008 श्री वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव के दिन ब्यावरा दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष राजीव जैन छोटे लाला ने बताया कि तीन भगवानों का मस्तकाभिषेक किया गया। 12 वे तीर्थंकर 1008 श्री वासुपूज्य भगवान का सौधर्म इंद्र बन भगवान अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं निर्माण लाडु चढ़ाने का सौभाग्य दीप कमल शर्मा, डॉ. नमिता जैन, अग्रिया, अग्रज और परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही 1008 श्री आदिनाथ भगवान के महामस्तक अभिषेक एवं शांतिधारा सौभाग्य महेंद्र जैन एवं पीयूष जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ एवं नित्य पूजित मूल नायक भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य श्रीमती कांतादेवी गोधा, राजेश जैन, राजीव, प्रणव, प्रशांत, दिव्य जैन, श्रीमती सुषमा जैन, डिम्पल जैन, अदिति जैन, जैन सपरिवार को मिला। ब्रह्मचारी भैया भागचंद बड़ा मल्हारा द्वारा अतिशाकारी मंत्रोच्चार द्वारा अभिषेक शांत धारा के बाद भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सामूहिक ध्यान और भगवान की निर्वाण भूमि श्री चम्पापुर झारखंड कि आध्यात्मिक यात्रा भाव वंदना करवाई। दोपहर में श्रीजी की जल यात्रा दिंगबर जैन मंदिर जूना ब्यावरा से ब्यावरा नगर में निकाली जाएगी। दस लक्षणधर्म के उत्तम आकिंचनधर्म के नवमे दिवस ब्रह्मचारी भैय्या जी द्वारा रात्रि में शास्त्र प्रचालन की हाकिचन का शाब्दिक अर्थ किंचित मात्र भी मेरा नहीं है। भैय्या जी ने बताया कि दसधर्मों का सार उत्तम आकिंचनधर्म धर्म है। जब व्यक्ति मैं के अहंकार से दूर होकर एकत्व भावना भाता हुआ संपूर्ण सांसारिक बंधनों से मुक्त हो कर शरीर और आत्मा के भेद को भी पहचान लेता है और यह श्रद्धान कर लेता है कि मैं यह शरीर नहीं हूँ मात्र जीव आत्मा हूँ तब आत्मा में उत्तम आकिंचन धर्म उत्पन्न हो जाता है और आत्मा ब्रह्मचर्य की ओर अग्रसर होते हुए सम्यक्त दर्शन ज्ञान चारित्र को धारण कर मोक्ष मार्ग पर बढ़ जाता है जो आकिंचन धर्म को धारण करती है वही भव्यात्मा परम शुक्ल ध्यान मैं लीन हो केवल ज्ञान को पाकर मोक्ष को प्राप्त करती है। मंदिर में वरिष्ठ राजेन्द्र कुमार जैन, विजय कुमार जैन, महा मंत्री विनय कुमार जैन, शिखर चंद मित्तल, नरेन्द्र कुमार मित्तल, रमेश चंद्र मित्तल, रविंद्र जैन, सचिन जैन, मनीष जैन, प्रमित जैन, ऋषभ जैन, मयंक जैन, अंकित जैन, महिलाओं में श्रीमती मनीषा जैन, श्रीमती रत्नमणि, श्रीमती मुक्ता जैन, श्रीमती शोभा जैन, श्रीमती मीना जैन,श्रीमती डिम्पल जैन, श्रीमती नीरु जैन श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती एकता जैन, श्रीमती राखी जैन सहित सभी महिला एवं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## बारिश में परेशानी बना बालाहेड़ा मुंडी मार्ग, निकलना भी मुश्किल

**राजगढ़/झाड़मऊ, निप्र।** नजदीकी गांव बालाहेड़ा से मुंडी गांव जाने वाला रास्ता पूरी तरह कच्चा है। बारिश में यहां खासा कीचड़ हो गया है, रास्ते पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। ग्रामीणों को मजबूरन इसी रास्ते से होकर आना-जाना पड़ता है। करीब 3 किमी के इस मार्ग पर पक्की सड़क बनाने की मांग भी लंबे समय से हो रही है। बालाहेड़ा से यह रास्ता मुंडी गांव पहुंचता है और वहां से सैकडों गांव इस रोड से जुड़ते हैं। इस रोड पर क्षेत्र में पानी सप्लाई करने वाली पेयजल पानी की टंकी बनी है, नल जल योजना का भी इस रोड पर बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बना हुआ है। ज्यादा बारिश होने पर रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है, कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट जाता है। लोगों की परेशानी की जानकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियो को भी कई बार दी गई है। लेकिन इसके बावजूद इस सड़क के निर्माण के लिए अब तक कोई पहल नहीं की जा रही।

# खाद वितरण व्यवस्था बनाने कलेक्टर ने सहकारी समितियों का किया निरीक्षण



**राजगढ़, निप्र।** खाद वितरण की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा, कृषि विभाग उपसंचालक सचिन जैन, ने जिला स्तर पर सहकारी समितियां का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिले में आई उर्वरक की मात्रा का पॉज मशीन से मिलान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी रबी सीजन में उर्वरक का वितरण किसान से खसरा-नकल, आधार कार्ड की कॉपी लेने के बाद ही किया जाए।

वितरण केन्द्र पर कृषकों के उर्वरक वितरण की रखने के निर्देश भी दिए। वितरण के दौरान कृषि विभाग के कर्मचारियों को वितरण केंद्र पर तैनात करने और डबल लॉक केन्द्रों पर अतिरिक्त पॉज मशीन लगाने के निर्देश दिए।इसके बाद खिलचीपुर समिति बावड़ीखेड़ा में भंडारित उर्वरक का भौतिक सत्यापन किया गया। यहां उर्वरक भंडारित मात्रा और पॉज मशीन इंट्री में अंतर मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को उर्वरक रजिस्टर, संपर्क रजिस्टर, कालातीत बकायादारों की सूची, केसीसी लिमिट फाईल, केशबुक, सहायक केशबुक, रसीद कट्टे, लेजर पोस्टिंग आदि को हमेशा तैयार रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गोदाम में भंडारित उर्वरकों की मात्रा का मिलान पॉज मशीन से करें अंतर पाए जाने पर समिति प्रबन्धक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## सारंगपुर में आयोजित संभाग स्तरीय खो -खो स्पर्धा में राजगढ़ टीम विजेता

**राजगढ़/सारंगपुर, निप्र।** नगर के शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले की टीम ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के पांचों जिलों की टीमों ने भाग लिया था। कोच भारत भैरवे ने बताया कि 17 वर्षीय बालक वर्ग में राजगढ़ की टीम विजेता रही, जबकि रायसेन की टीम उपविजेता बनी। वहीं 17 वर्षीय बालिका वर्ग में विदिशा की टीम विजेता रही, जबकि राजगढ़ की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। खास बात ये है कि आने वाले दिनों में राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन भी सारंगपुर में होना है। इसके लिए चयनित खिलाड़ी लगातार अभ्यास में जुटे हुए है। प्रतियोगिता के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार, प्राचार्य दिनेश गुप्ता, व्यायाम शिक्षक प्रकाश तोमर, रशीद अली, संदीप सोनी, रोबिन राजू, नीलेश गौड़, लाल सिंह लोधा, रजत शर्मा, आरती सोनी, महिमा पाटीदार, सुनीता लोधी, राहुल गौड़, नमन गुप्ता, अर्चना ठाकुर, अभिषेक बड़गोतिया के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किसान की संतरे की बगिया उजाड़ने वाले गिरफ्तार

## राजगढ़ में खेत से 140 पेड़ काटकर किया 8 लाख का नुकसान, नातरा-झगड़ा के नाम पर मांगे रुपए

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले में पुलिस ने नातरा-झगड़ा प्रथा के नाम पर पैसों की मांग और किसान की बगिया उजाड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। खिलचीपुर थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित किसान को न्याय मिला बल्कि समाज में फैली इस कुप्रथा पर भी पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है।

**8 लाख का नुकसान किया, 15 लाख की मांग:** 30 अगस्त को ग्राम कुआखेड़ा निवासी किसान विजय सिंह दांगी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। किसान ने बताया कि पुराने विवाद के चलते कुछ लोगों ने उसकी बगिया उजाड़ दी। आरोपियों ने उसके संतरे के करीब 140 फलदार पेड़ काट डाले। इससे उसे लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आरोपियों ने एक चिट्ठी भी पेड़ों के पास छोड़ी। जिसमें नातरा झगड़े के नाम पर 15 लाख रुपए की मांग भी की गई। किसान की इस शिकायत को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तुरंत मामला दर्ज कर लिया।

**पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार:** शिकायत दर्ज होते ही खिलचीपुर थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने ग्राम महाराजपुरा थाना जीरापुर के रहने वाले हेमराज दांगी, हजारीलाल दांगी, अमृतलाल दांगी और सुजान सिंह दांगी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**नातरा झगड़ा प्रथा को लेकर समाज को दिया संदेश :** इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर मुकाती के नेतृत्व में पुलिस टीम के दिलीप निगम, जयसिंह मीणा, कृष्णचंद्र तिवारी, राजीव गुर्जर और खेमसिंह का अहम योगदान रहा। पुलिस का कहना है कि नातरा-झगड़ा जैसी कुप्रथा समाज के लिए नुकसानदायक है और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



**नातरा झगड़ा प्रथा क्या है?:** नातरा-झगड़ा प्रथा एक पुरानी कुप्रथा है। इसमें अगर कोई शादीशुदा महिला अपने पति को छोड़कर किसी और के साथ रहने लगती है तो नया साथी महिला के मायके या पहले पति को पैसे देता है, इसे नातरा कहते हैं। वहीं किसी विवाद या झगड़े को खत्म करने के लिए एक पक्ष दूसरे को पैसे देता है, इसे झगड़ा राशि कहा जाता है। अक्सर इसमें पैसों की मांग जबरदस्ती की जाती है और लोगों को नुकसान पहुंचाया जाता है।

## सूरजपुरा में 39 लोगों की जांच में 25 मिले बीमार, दवाइयां वितरित की

**राजगढ़/झाड़मऊ, निप्र।** नजदीकी गांव सूरजपुरा में दूषित पानी और बार-बार बदल रहे मौसम के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण बीमार हो रहे है। अधिकांश लोगो में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार की शिकायत देखी जा रही है। जिसकी शिकायत गांव वाले ने की तो आशा कार्यकर्ता दुर्गाबाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रशीदा खान, डॉ सुरेंद्र सिंह द्वारा गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया गया। इस दौरान 5 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से तक के 39 लोगों की जांच की गई। जिसमें 21 लोगों को बुखार सर्दी जुकाम पाया गया ।चार लोगों में पेट दर्द की शिकायत मिली। इस पर ग्रामीणों को जरुरी दवाइयों की वितरण सर्वे टीम द्वारा किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादकः** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादकः इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)